## संक्षिप्त

### रात्रि चैपाल कार्यक्रम जारी

**करौली,(निं.सं.)** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने अप्रैल 2025 के लिये रात्रि चैपाल कार्यक्रम जारी किया। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल मंगलवार को सांय 6.30 बजे से टोडाभीम पंचायत समिति की ठााम पंचायत बालघाट, 24 अप्रैल गुरूवार को सांय 6.30 बजे से मण्डरायल पंचायत समिति की ठााम पंचायत श्यामपुर व 30 अप्रैल बुधवार को सांय 6.30 बजे से हिण्डौन पंचायत समिति की ठााम पंचायत जटनंग्ला में रात्रि चैपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी और मौके पर अधिक से अधिक परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये।

### साधारण सभा की बैठक 21 को

**करौली।** पंचायत समिति करौली के विकास अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि पंचायत समिति करौली की साधारण सभा की विशेष बैठक का आयोजन 21 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे से प्रधान हुकुम बाई मीना की अध्यक्षता में पंचायत समिति भवन में की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये है।

### हज प्रशिक्षण 22 को

**करौली,(निं.सं.)** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अकबर खान ने बताया कि राजस्थान राज्य हज कमेटी, की अनुपालना में हज यात्रा 2025 हेतु टीकाकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं हज, उमराह के अरकान की अदायगी का आसान तरीका समझाया जायेगा। उन्होंने सभी चयनित हज यात्रियों से अपील की है कि वे 22 अप्रैल मंगलवार को सुबह 9 बजे से मौलाना आजाद चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल, बागे बरकत जामा मस्जिद के पास करौली में पहुचकर टीकाकरण व हज प्रशिक्षण हासिल करें। उन्होंने बताया कि सभी हज यात्री टीकाकरण व हज प्रशिक्षण प्रोगाम हेतु संबंधित दस्तावेजों सहित पहुंचे।

### चालक एवं पालकों का बैठक हुई

**भरतपुर।** मथुरा प्रसाद पोद्दार माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर कोडियान मौहल्ला में आदर्श विद्या मन्दि एफसीर समिति भरतपुर के अन्तर्गत संचालित केशवनगर, रणजीत नगर, बयाना व उच्चैन संकुल के संस्कार केन्द्र संचालक एवं पालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्या भारती राजस्थान के संस्कार केन्द्र प्रमुख महीपाल प्रजापत व आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर के व्यवस्थापक मल्ल सिंह मौजूद रहे। उन्होंने सभी से संस्कार केन्द्र पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि सेवा बस्तियों में संचालित संस्कार केन्द्रों पर शिक्षा के साथ साथ संस्कार निर्माण की प्रक्रिया सतत् चलती है। सभी को प्रशिक्षण भी दिया गया। इस बैठक में चारों संकुलों से सोलह चालक एवं पालकों ने भाग लिया।


**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना

सं. ईएल/50/एनआईटी/34(2025–26)

दिनांक 15.04.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या–** ईएल/50/244/2025–26, **कार्य का नाम–** रेलवे स्टेडियम कोटा के सुधार तथा कोटा और गंगापुर सिटी स्टेशन के क्रू लॉबी और क्लासरूम में एयर कंडीशनर का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रू. में.)** – 33,30,640.58, **बयाना राशि (रू. में)** – 66,600/–, **कार्य समापति अवधि–** 4 माह, **निविदा संख्या** – ईएल/50/246/2025–26, **कार्य का नाम–** कोटा संभाग के विभिन्न अनुभागों में सेवा भवनों में रिवायरिंग, जिसमें विद्युत परिसंपतियों का प्रतिस्थापन और प्रावधान शामिल है।, **अनुमानित लागत (रू. में.)** – 1,01,56,003.07, **बयाना राशि (रू. में)** – 2,00,800/–, **कार्य समाप्ति अवधि** – 6 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय–** 08.05.2025 को 15:00 बजे तक एवं खुलने का समय 15:15 बजे, ऑफर केवल ई–टेंण्डरिंग के माध्यम से वेब साईट https://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास ।।। डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन एवं शर्तें अवश्य पढ़ ले।

(हस्ता.)

कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)

पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पर किया विरोध प्रदर्शन



करौली कलेक्ट्रेट के सामने धरना देकर प्रदर्शन करते कांग्रेस जन।

**करौली।** जिला कांग्रेस कमेटी करौली द्वारा नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को अन्यायपूर्ण ढंग से जब्त करना और कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर लगाए गए अन्यायपूर्ण आरोपों के खिलाफ जिला मुख्यालय पर एक जोरदार विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष शिवराज मीना द्वारा किया गया।

जिलाध्यक्ष शिवराज मीना ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश रच रही है। कांठोस नेतृत्व को निशाना बनाकर देश की जनता की आवाज को दबाने की कोशिश कि जा रही है, लेकिन कांग्रेस का हर कार्यकर्ता संविधान और सत्य के पक्ष में मजबूती से खडा है। और सत्य के लिए प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के एक आव्हान पर एक एक कांठोस का कार्यकर्ता जेल भरो आंदोलन के लिए तैयार है।जिला प्रभारी एवं विधायक संजय कुमार जाटव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने का प्रयास कर रही है। लेकिन कांग्रेस के इतिहास में यह पहली बार नहीं है हमने आपातकाल,दमन और झूठे आरोपों का सामना किया है और हमेशा विजयी होकर निकले हैं। यह लडाई भी हम जनता के साथ मिलकर जीतेंगे।वरिष्ठ कांग्रेस नेता और टोडाभीम विधायक घनश्याम महर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज कि लड़ाई सिर्फ कांठोस कि नहीं बल्कि देश के संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं कि रक्षा की लड़ाई है। जब तक अंति कार्यकर्ता खड़ा है कांठोस झुकने वाली नहीं है।वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य वरिष्ठ कांठोस नेताओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा है, जिसे कांठोस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

यह लोकतंत्र एवं संविधान के विरुद्ध एक संगठित हमला है।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा ने यह भी घोषणा की कि 18 अप्रैल को जिले के सभी ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कांठोसजन पूर्ण सहभागिता करेंगे।जिला कांग्रेस कमेटी ने लोकतांत्रिक ढंग से, शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया और यह संकल्प लिया कि सत्य, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेसजन हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांठोस प्रभारी एवं बसेड़ी विधायक संजय कुमार जाटव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व टोडाभीम विधायक,घनश्याम महर, हिंडौन विधायक अनीता जाटव, करौली पूर्व विधायक लाखन सिंह कडकड प्रदेश महासचिव हुकुम मीणा, कन्हैया लाल शर्मा प्रदेश सचिव भूपेंद्र भारद्वाज, जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारीगण, अठिाम संगठनों और प्रकोष्ठों के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टोडाभीम स्कूल में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**टोडाभीम।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, टोडाभीम परिसर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के सौजन्य से एक प्रेरणादायक पर्यावरण संरक्षण पहल का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य व सहायक जिला कमिश्नर भयसिंह मीना के नेतृत्व में स्कूल के ईको क्लब ने गर्मी के मौसम में पक्षियों की सहायता के लिए परिसर और आसपास के क्षेत्रों में 15 से अधिक मिट्टी के परिंडे लगाए। साथ ही, पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इस नेक कार्य में विद्यालय के स्काउट्स और गाइड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्काउटर राजेश सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में सभी स्काउट्स ने परिंडों में नियमित रूप से स्वच्छ पानी भरने और चुग्गा डालने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पक्षियों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर सहायक जिला कमिश्नर भयसिंह मीना ने कहा, गर्मी के इस तपते मौसम में मूक और बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाना न केवल पुण्य का कार्य है, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति हमारी संवेदनशीलता को भी दर्शाता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को ऐसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को इस तरह की गतिविधियों से प्रेरणा लेने और प्रकृति संरक्षण के लिए सक्रिय रहने का आव्हान किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की। ईको क्लब के संयोजक ने बताया कि परिंडों की देखभाल के लिए एक रोस्टर तैयार किया गया है, जिसके तहत स्काउट्स और गाइड्स बारी-बारी से इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में स्कूल परिसर में वृक्षारोपण और जल संरक्षण जैसे अन्य पर्यावरणीय कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह पहल न केवल पक्षियों के लिए जीवन रक्षक साबित होगी, बल्कि यह विद्यार्थियों और समुदाय के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## मरीजों की सुविधा के लिए सजग अस्पताल प्रशासन

**करौली।** इन दिनो पड रही भीषण गर्मी के दौर को देखते हुए अस्पताल में रोगियों का मेला सा लगता दिखाई दे रहा है जिनकी सुविधा के लिए अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकेश मीणा व्यवस्था बनाने में लगे हुए हैं। इन दिनों भीषण गर्मी का दौर चल रहा है तापमान भी 42 डिठाी से ऊपर पहुंच रहा है जिसके चलते लोग उल्टी, दस्त, जुखाम, खांसी, बुखार जैसी बीमारी से जूझते नजर आ रहे हैं करौली के स्वतंत्रता सैनानी शिवराज सिंह सामान्य चिकित्सालय में रोगियों का मेला सा लगा हुआ है जहां दिन भर में 2000 से 2200 लोग आउटडोर मे प्रतिदिन उपचार करा रहे हैं तो वही 200 से 300 लोग अस्पताल में भर्ती होकर अपना उपचार करा रहे हैं।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति श्री प्रभु दयाल जी शर्मा पुत्र चौथी लाल, जाति ब्राह्मण, निवासी सोप ,तहसील नादोती, जिला करौली को कोई भी व्यक्ति अविधिक तरीके से स्वार्थवस कुछ भी कहलवा एवं लिखवा सकता है क्योंकि वृद्धावस्था की आयु के कारण वे सही निणन्य नहीं ले पाते हैं। मेरे बच्चों को जमीन व मकान का बंटवारा दिनांक 11: 12 :2023 को गांव के पंच पटेलों के समक्ष हो चुका है । सभी बच्चे अपने-अपने हिस्से की जमीन पर काश्त करते हैं। पंच पटेलों के निर्णय के अनुसार लगभग 8 बीघा खातेदारी की जमीन काश्त करने के लिए मुझे कैलाशी देवी शर्मा व मेरे पति श्री प्रभु दयाल शर्मा को संभला रखी है जिनकी कमाई से अपनी स्वेच्छा अनुसार खर्च करते हैं परंतु एक पुत्र भवानी शंकर मेरे पति को बरगलाता रहता है तथा उन्हें मेरे व मेरे बच्चों तथा नातियों के विरुद्ध भड़कता रहता है एवं अकारण गृह क्लेश उत्पन्न करता है जिससे हमारे परिवार की बदनामी हो रही है । अतः मेरे पति श्री प्रभु दयाल द्वारा मेरी व मेरे बेटे डॉ. मनोज कुमार शर्मा की सहमति के बिना कोई लेनदेन, संपर्क या व्यवहार नहीं करें अन्यथा वह झूठा माना जाएगा अतः सूचित होवें। भवदीय-कैलाशी देवी शर्मा धर्मपत्नी श्री प्रभु दयाल शर्मा, निवासी गांव सोप, तहसील, नादौती जिला करौली, राजस्थान


## जन आन्दोलन की चेतावनी

**जुरहरा,** जिला डीग रेखचन्द्र भारद्वाजः बलदेव पशु मेला मेडतासिटी नागौर से पुलिस व परिवहन विभाग की सुरक्षा में गौवंश से लदे ट्रकों में गौवंश को निर्मम तरीके से भरे जाने व गौसेवकों द्वारा इसका विरोध करने पर पुलिस द्वारा उन्हें ही धमकाए जाने के विरोध में गुरुवार को जुरहरा गौसेवा व जीव कल्याण समिति की ओर से उक्त पूरे मामले में संलिप्त दोषी पुलिस अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जुरहरा तहसील कार्यालय पर ऑफिस कानूनगो टीकाराम शर्मा को ज्ञापन सौंपकर गौ संरक्षण के लिए कठोर कानून बनाने की मांग की है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि बलदेव पशु मेला मेड़ता नागौर में ट्रकों में निर्मम तरीके से गौवंश का परिवहन करने व कत्लखानों में ले जाए जा रहें।

# विरासत को संवारें तो विकास को लगें पंख

**करौली।** किसी भी स्थान के विकास के लिए परिवहन, संचार सुविधा, बिजली,पानी, स्वच्छता, उद्योग, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आवास, सुरक्षा, मनोरंजन के साधन आदि आवश्यक कारक माने जाते हैं। इनके साथ ही उस स्थान की विरासत भी उसकी पहचान, अर्थव्यवस्था, सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन उस स्थान के सतत और समठा विकास के लिए आवश्यक है। विरासत के महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुडे एतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों एवं अन्य धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से सन् 1983 से 18 अप्रैल को प्रतिवर्ष विश्व विरासत दिवस मनाने की शुरुआत की गई। यूनेस्को द्वारा अब तक भारत के 43 मूर्त विरासत स्थलों सहित 7 प्राकृतिक व 34 सांस्कृतिक धरोहरों को विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है।अपने गौरवशाली इतिहास, एतिहासिक धरोहरों, कला, संस्कृति, गिरि दुर्गों, प्राकृतिक स्थलों, धार्मिक आस्था के केंद्रों जैसी अनूठी विशेषताओं को समेटे करौली भी प्राचीन विरासत से समृद्ध है। पाषाण मूर्तियों के अमिट खजाने एवं हस्तशिल्प के बेजोड़ नमूनों के लिए करौली जिले के मासलपुर के समीप 11वीं शताब्दी में निर्मित तिमनगढ़ दुर्ग अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है। राजा चंद्रसेन की तपस्थली रहा करणपुर का ऊंटगिरि दुर्ग व चम्बल नदी के किनारे पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य खड़ा मंडरायल दुर्ग सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है। 14 वीं शताब्दी में स्थापित करौली के राजमहल, राजा गोपाल सिंह की छतरी, हरसुख विलास उद्यान करौली की समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। प्राकृतिक विरासतों में मासलपुर का सागर तालाब, रणगमा ताल,कैलादेवी वन्य जीव अभयारण्य,धमनिया जल प्रपात, केदार गिरी की खोह,कैरीउमर, घंटेश्वर , महेश्वरा, टपकाकी, चूहाकी, कसेड गुफा जैसे रमणीक स्थलों का सौंदर्य देखते ही बनता है। इनका आवागमन सुलभ हो तो चैमासे में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ सकती है।

## रोजगार मेला 20 अप्रैल को

हिंडोन सिटी। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के द्वारा बेरोजगार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक अनूठी शुरुआत की है। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास, भरतपुर रोड, महवा में राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड द्वारा 20 अप्रैल 2025 को महवा में विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रकार की कंपनियों के प्रतिनिधि रोजगार देने के लिए मौजूद रहेंगे। रोजगार मेले में अशिक्षित से लेकर उच्च डिप्लोमा, डिठाी प्राप्त बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने बेरोजगार युवाओं से कहा कि रोजगार मेले में पहुंचकर अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला 20 अप्रैल रविवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास, महवा जिला दौसा में आयोजित होगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत हाजीपुर,**

पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांकः-ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/01-07 दिनांकः17.04.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 28.04.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00032 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक ग्राम पंचायत हाजीपुर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत हाजीपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मालौनीखुर्द,**

पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांकः-ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/16-23 दिनांकः17.04.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 28.04.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00031 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच ग्राम पंचायत मालौनीखुर्द — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मालौनीखुर्द

**कार्यालय ग्राम पंचायत मढाकॉकौली,**

पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांकः-ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/03 दिनांकः17.04.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 23.04.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00033 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच ग्राम पंचायत मढाकॉकौली — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मढाकॉकौली


# कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएँ

**करौली,** (निं.सं.) प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशानुरूप जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए तृतीय गुरुवार को जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत दिलाई। लम्बित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान जिला कलक्टर ने त्रि-स्तरीय व्यवस्था के तहत जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों की निस्तारण प्रक्रिया की सभी स्तरों पर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही औसत निस्तारण समय में कमी लाने, परिवादियों के संतुष्टि स्तर में सुधार लाने, परिवादों के संबंध में सही तथ्यात्मक रिपोर्ट सक्षम स्तर पर प्रेषित करने के निर्देश प्रदान किए गए। वहीं उन्होंने अब तक लम्बित परिवादों की वस्तुस्थिति का जायजा भी लिया।जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित विभिन्न परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें स्कूल से अतिक्रमण हटवाने, पट्टा दिलवाने, पीएमएवाई में आवास दिलवाने, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने, नई ठााम पंचायत बनवाने, पेयजल समस्या का निस्तारण करवाने, चारागाह से अतिक्रमण हटवाने, पानी की टंकी से बहते हुए पानी को रूकवाने, पेंशन दिलवाने, सहित पंचायती राज, चिकित्सा, राजस्व, पुलिस, समाज कल्याण, नगर परिषद के विभिन्न प्रकरण शामिल है। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, सानिवि के अधीक्षण अभियन्ता जयलाल मीणा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी शर्मा, सीएमएचओ दिनेश चंद मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## रेलवे की नवीन सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

**करौली।** सरमथुरा से करौली-गंगापुर को रेल लाइन से जोडने के लिए अब नए सिरे से सर्वे यहां की महारानी पूर्व विधायक रोहिणी देवी और युवराज विव'वत पाल कि पहल पर होगा जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व विधायक के सुझाव को स्वीकार करते हुए नवीन सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

रेल विकास समिति के वेणुगोपाल शर्मा ने बताया कि सरमुथरा से करौली और गंगापुर को रेल लाइन से जोड़ने के लिए पिछले लंबे समय से चली आ रही मांग तो पूर्व में स्वीकृत हो चुकी है और जिसका सर्वे भी हो चुका लेकिन उस सर्वे में उत्तरी भारत की प्रसिद्ध तीर्थस्थली कैलादेवी धाम को छोड़कर रेलवे लाइन निकालने का सर्वे हुआ था जिससे उत्तरी भारत का प्रमुख तीर्थ स्थल कैलाधाम रेलवे स्टेशन से वंचित रह रहा था यही नहीं देश के कई प्रान्तो राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश,उत्तर प्रदेश, दिल्ली,हरियाणा,पंजाब,गुजरात आदि प्रदेशों से हर वर्ष लाखों की संख्या में मां के दर्शनों को आने वाले यात्रियों को भी रेल लाइन का लाभ नहीं मिल रहा था जिसको लेकर यहां की महारानी पूर्व विधायक रोहिणी देवी व उनके सुपुत्र विव'वत पाल ने दिल्ली पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर सरमुथरा से करौली गंगापुर को रेल लाइन से जोड़ने के सर्वे से अवगत कराते हुए केला देवी तीर्थ धाम को जोड़ने का सुझाव रखा जिस सुझाव को प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीकार करते हुए नए सिरे से सर्वे करने के निर्देश दिए हैं जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक रोहिणी देवी ने अपने सुझाव में गंगापुर मुख्य रेलवे स्टेशन से ताजपुर, बालोती घाटी, डिकोली, लेदिया, सेमरदा, काशीपुरा, मनोहरपुरा, घुराकर, नांदर का मंदिर, अतेवा, राजौर, मामचारी के ऊपर होकर रणगमा तलाब,मंडरायल रोड करौली से कोटा छाबर रतियापुरा, खेड़ा सरमुथरा पर जोड़ने का सुझाव रखा था।

# अनुशासन में रहकर खिलाड़ी आगे बढ़ सकता है



2025 -26 का समापन समारोह गुरुवार को पी एम श्री विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय जटनगला में आयोजित हुआ।

**हिंडौन सिटी।** नवोदय विद्यालय समिति जयपुर संभाग की उदयपुर संकुल खो- खो व रस्सी कूद प्रतियोगिता का चयन एवं दल गठन 2025 -26 का समापन समारोह गुरुवार को पी एम श्री विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय जटनगला में आयोजित हुआ। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक बाबूलाल मीणा ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय जटनगला प्राचार्य सुनील धाकड रहे।अध्यक्षता राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा ने की। उप प्राचार्य सरोज मान, सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक केदार लवानिया, ,विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे मौजूद।

मुख्य अतिथि ने कहा खेलों में आगे बढ़ाने के लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी रोजाना सुबह शाम मैदान पर मेहनत कर रीजनल स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जयपुर संभाग का नाम रोशन करेंगे।

अध्यक्षता कर रहे बाबा ने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेकर तनाव रहित रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिता में विजेता एवं विजेता खिलाडियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इससे पूर्व आयोजन कमेटी के संयोजक बी एल मीणा स्टाफ सदस्य पी एल बेरवा राजेश मीणा, आर डी मीना, छोटी राम मीणा , काउंसलर लोकेश शर्मा ,कविता मीणा, सवीता बाई मीणा, ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया मंच संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक बाबू लाल मीना ने किया।

फाइनल मुकाबला- 14 वर्ष आयु वर्ग में करौली ने प्रतापगढ को 15 -10 से हराया 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रतापगढ़ ने करौली को 13 -11 से हराकर जीत दर्ज की। 19 वर्ष की रोमांचक मुकाबले में करौली ने डूंगरपुर को 9-7 से हराया। शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षक भगत सिंह बेनीवाल, प्रियकांत बेनीवाल, सुनील यादव, सेवा निवृत शारीरिक शिक्षक केदार लवानिया महेंद्र कुमार ने खो-खो प्रतियोगिता के ट्रायल मैच करवाए। स्थानीय विद्यालय की नर्स सुगना ने प्रतियोगिता में प्राथमिक उपचार किया।


राजस्थान-सरकार

**कार्यालय प्रबन्धक विश्राम भवन करौली**

क्रमांकः-वि.भ.क/2025-26/294 दिनांकः-17.04.2025

**निविदा सूचना**

सर्किट हाउस, करौली में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार सेवाओं एवं सामग्री के उपापन हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध के लिये इच्छुक अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में द्वि-प्रक्रमी पद्धति से खुली निविदाऐं दिनांक 16.04.2025 से दिनांक 23.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 23.04.2025 को दोपहर 2.00 बजे खोला जावेगा।

निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं जानकारी राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं.सं | कार्य का विवरण | अनुमानित | निविदा अवधि लागत | NIB code UBN no |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्किट हाउस, करौली में सफाई एवं बागवानी कार्य | 7.00 लाख | 16.04.2025 से 23.04.2025 | CKL2526A0001 CKL2526SSOB00001 |
| 2 | सर्किट हाउस, करौली में रसोईया (कुक) एवं वेटर कार्य | 8.00 लाख | 16.04.2025 से 23.04.2025 | CKL2526A0002 CKL2526SSOB00002 |
| 3 | सर्किट हाउस, करौली में किराना/परचुनी सामग्री एवं पेरिशेबिल/सफाई सामग्री दर संविदा | 8.00 लाख | 16.04.2025 से 23.04.2025 | CKL2526A0003 CKL2526GSOB00003 |

(भरत लाल नाथ)

प्रबन्धक

सर्किट हाउस करौली